## महत्वपूर्ण एवं खास

### माओवादीयों ने की ग्रामीण की हत्या, लगाया पुलिस मुखबिर का आरोप

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र में बीती रात माओवादीयों ने पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाते हुए एक ग्रामीण की हत्या कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बासागुड़ा थाना क्षेत्र के पुतकेल निवासी दिनेश पुजारी पिता मुतैया उम्र 35 वर्ष की दिनांक 29 अक्टूबर 2924 की रात माओवादीयों ने धार धार हथियार से बेहरमी पूर्वक हत्या कर दिया है। घटना स्थल पर माओवादीयों ने पर्चा भी छोड़ा है पर्चा में पामेड़ एरिया कमेटी ने मृत ग्रामीण पर पुलिस का मुखबिरी करने का आरोप लगाया है। बासागुड़ा थाना द्वारा मामला पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पिंजरे में कैद हुआ खूंखार तेंदुआ, एक हफ्ते से मवेशियों को बना रहा था शिकार


**धमतरी (आरएनएस)।** जिले के अरसीकन्हार गांव में एक खूंखार तेंदुआ वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। यह तेंदुआ पिछले एक सप्ताह से मवेशियों पर हमला कर रहा था और ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ था। मामला सीतानदी-उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र के अरसीकन्हार रेंज का है, जहां वन विभाग ने तेंदुए को पकडऩे के लिए विशेष अभियान चलाया था। पकड़े जाने के बाद, पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण किया। तेंदुए की हालत स्थिर बताई जा रही है और वन विभाग उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाने की तैयारी में जुटा है।

### शराबी बेटे को उतारा मौत के घाट

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** बेटे की शराब पीने की आदत और लगातार मारपीट से परेशान एक पिता ने सब्र खो दिया और सब्बल से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उरगा निवासी जीवराखन सिंह लंबे समय से शराब के नशे में अपने परिजनों से झगड़ा और मारपीट करता आ रहा था। उसकी हरकतों से तंग आकर उसकी पत्नी तीन साल पहले बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। जीवराखन की इसी आदत के कारण उसके पिता मानसिंह और मां भगवती भी परेशान थे, जो रोजी-रोटी के लिए जम्मू-कश्मीर में काम करते थे। दिवाली के मौके पर दोनों हाल ही में अपने घर लौटे थे, तभी से जीवराखन उनसे लगातार पैसे मांग रहा था और मना करने पर गाली-गलौज और धमकियां दे रहा था। रात करीब 10 बजे जीवराखन नशे में धुत होकर घर पहुंचा। उसके हाथ में सब्बल था और वह पिता को पैसे न देने की बात पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। बीच-बचाव करने आए चाचा मधु सिंह पर भी जीवराखन ने सब्बल से हमला कर दिया, जिससे उनके पैर में चोट लगी। बेटे की इस हरकत से तंग पिता मानसिंह का गुस्सा फूट पड़ा। उसने जीवराखन के हाथ से सब्बल छीनकर उसी पर वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से जीवराखन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर उरगा थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी मानसिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

# राज्य स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर । आरएनएस**




राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण शामिल होंगे। इस क्रम में रायपुर जिले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, दुर्ग में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखन लाल देवांगन, बलौदाबाजार-भाटापारा में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के कार्यक्रम में मंत्री ओ.पी. चौधरी, बलरामपुर-रामानुजगंज में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में मंत्री टंकराम राम वर्मा, गरियाबंद में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बालोद में सांसद विजय बघेल, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान में सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जशपुर जिले के कार्यक्रम में सांसद चिंतामणी महाराज, बेमेतरा में सांसद रूप कुमारी चौधरी, रायगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, सक्ति में सांसद कमलेश जांगड़े, दंतेवाड़ा में सांसद महेश कश्यप, कांकेर में सांसद भोजराज नाग, नारायणपुर में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुंगली में विधायक पुन्नु लाल मोहले, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार कबीरधाम में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चन्द्राकर, कोरिया में विधायक रेणुका सिंह, सूरजपुर में विधायक भैया लाल राजवाड़े, कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी, बीजापुर में विधायक विक्रम उसेंडी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक राजेश मूणत तथा सुकमा जिले में विधायक किरण देव राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**छत्तीसगढ़ राज्योत्सव : उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव**

छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को पूरे प्रदेश में राज्योत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर अभी से ही तैयारियां शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के बने 24 साल हो चुके हैं। राज्य अब 25वें साल में प्रवेश करने को तैयार है। सीएम साय ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होंगे। वहीं अलंकरण समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से राज्योत्सव के अवसर पर 1 नवंबर को अपने -अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव के साथ राज्योत्सव उत्सव मनाने की अपील की है। राज्योत्सव के अवसर पर नवा रायपुर, अटलनगर में 10 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सभी शहरों और गांव में नागरिकों से 1 नवंबर की शाम को अपने-अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को धनतेरस की शुभकामनाएं हैं। इसके साथ दीपावली, अन्नकूट और छठ महापर्व की अग्रिम बधाई दी है।

# "हर घर दिवाली, अपनों की दिवाली" कार्यक्रम में शामिल होकर एसपी दिव्यांग पटेल ने बच्चों में बांटी खुशियां

**❑ पुलिस और समाजिक संगठनों ने विशेष बच्चों और वृद्धजनों के बीच बनाई दीपावली, बच्चों को गर्म कपड़े, मिठाईयां और फटाखों का किया वितरण**

**रायगढ़**

इस दीपावली, रायगढ़ जिले के वृद्धाश्रम और विशेष बच्चों के लिए खुशी के पल और भी अनमोल बने जब पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के नेतृत्व में जिला पुलिस और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर इनके बीच दीपावली का विशेष आयोजन "हर घर दिवाली, अपनों की दिवाली" किया। इस पहल के तहत पुलिस व समाजसेवी संस्थाओं ने मिलकर रायगढ़ के वृद्धाश्रमों और विशेष जरूरतमंद बच्चों के बीच जाकर मिठाइयों, कपड़ों और फटाखों का वितरण किया, जिससे ये पर्व उनके लिए भी उतना ही उज्जवल बना।

कार्यक्रम की शुरुआत "उम्मीद दिव्यांग आश्रम" में हुई, जहां पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, डीएसपी यातायात रमेश चंद्रा, निरीक्षक प्रशांत राव, संरक्षक मनोज गोयल ,प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, रोटरी ग्रेटर के कल्पेश पटेल , समाजसेवी आशा टाइटन , अंजू बंसल , सविता साव, राजेश अग्रवाल, कार्डिनल रोटी बैंक के अरूण उपाध्याय, प्रदीप प्रधान और आशीष डनसेना और दिव्य ऊर्जा, दादी रानी सती के समाजसेवियों के साथ पहुंचे। बच्चों ने अतिथियों का स्वागत गानों से किया, जिससे माहौल में खास आत्मीयता आई। इस अवसर पर एसपी पटेल ने कहा कि, "दिवाली का पर्व अंधेरे को मिटाकर उजाला फैलाने का है, और आज इन बच्चों और वृद्धजनों के साथ त्योहार मनाकर हम सभी का उद्देश्य यही है कि उनके जीवन में भी कुछ खुशनुमा पल भर सकें।" इसके बाद विशेष बच्चों के टीचर्स और उनके केयरटेकर-संस्था के सिद्धांत शंकर मोहंती, नेहा सिन्हा, ज्योतिष यादव, गौरीशंकर पटेल, दयाराम गुप्ता, संगीता गुप्ता का सम्मान शॉल और श्रीफल देकर किया गया और बच्चों को गर्म कपड़े, मिठाइयां और फटाखे वितरित किए गए। बच्चों की खुशी का आलम देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में शामिल पुलिस अधिकारियों और समाजसेवियों ने बच्चों के साथ संग फटाखे फोड़े और दोपहर का भोजन साथ किया।

इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, एसआई जी.एल. साहू,एएसआई सरस्वती महापात्रे और हेल्पिंग हैंड्स क्लब के राहुल डनसेना, निलेश अग्रवाल , साहिल शर्मा, रजत शर्मा, दिव्य ऊर्जा की अंजू बंसल और उनके सहयोगी, विप्र फाउण्डेशन तथा राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो की पूनम दिवेदी अन्य समाजसेवी सहयोगियों ने वृद्ध आश्रम का दौरा किया।

## नक्सलियों ने युवक को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर । आरएनएस**



**करतूत, की आम निर्दोष ग्रामीण की हत्या-** थाना बासागुड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पुतकेल निवासी दिनेश पुजारी पिता मुतैया उम्र 35 वर्ष को दिनांक 29/10/2024 की रात्रि में माओवादियों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटनास्थल पर माओवादियों के पामेड़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा मिला है, जिसमे मृत ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या करना बताया गया है। थाना बासागुड़ा द्वारा प्रकरण में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नक्सलियों ने दिवाली से पहले एक बार फिर खूनी खेल खेला है। बीजापुर में माओवादियों ने एक युवक को मौत के घाट उतार दिया है। नक्सलियों ने शव के पास पर्चा भी फेंका है। मामले की सूचना पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला बासागुड़ा थाना क्षेत्र का है। नक्सलियों ने बुधवार को युवक की धारदार हथियार से हत्या की है। युवक के शव के पास फेंके गए पर्चे में नक्सलियों ने उस पर मुखबिरी करने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

**माओवादियों की कायराना**

# एनआईटी रायपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आयोजित की गई निबंध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**रायपुर । आरएनएस**



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है । इस जागरूकता कार्यक्रम के तहत निबंध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 यह कार्यक्रम एनआईटी रायपुर की मुख्य सतर्कता अधिकारी (चीफ विजिलेंस ऑफिसर) डॉ. स्वस्ति स्थापक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है 7 इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है। पूरे सप्ताह चलने वाले इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 निबंध प्रतियोगिता का संचालन वास्तुकला और योजना विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ सचिन कुमार साहू के द्वारा किया गया 7 यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई जिसमे एक वर्ग संस्थान के प्रध्यापक और कर्मचारियों लिए और दुसरा वर्ग संस्थान के विद्यार्थियों के लिए वर्गीकृत किया गया 7 पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का संचालन वास्तुकला और योजना विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ हिमांशु पोपटानी द्वारा किया गया 7 यह प्रतियोगिता केवल विद्यार्थी वर्ग के लिए आयोजित की गई। इस निबंध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि रहा , जिसमें संस्थान के सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसके बाद 1 नवंबर 2024 को नुक्कड़ नाटक और फिर 2 नवंबर 2024 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# बीजापुर के सुदूर कावड़गांव एवं मुतवेन्डी के ग्रामीणों को दीपावली पर मिली सौगात

**❑ दोनों गांव में जिओ का मोबाइल टॉवर प्रारंभ, संचार सुविधा का मिला ग्रामीणों को लाभ**

**बीजापुर । आरएनएस**



जिले के सुदूर ग्राम कावडग़ांव और मुतवेन्डी में दीपावली पर्व के अवसर पर संचार सुविधा का विस्तार करते हुए जिओ का मोबाइल टॉवर प्रारंभ किया गया है। इस नई पहल से अब ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो पाया है। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से इन क्षेत्रों में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। स्थानीय निवासियों को अब आसानी से अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिससे उनके दैनिक जीवन में सहजता आयेगी। इसके साथ ही, कावडग़ांव और मुतवेन्डी क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से कैम्प की स्थापना भी की गई है। इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था में सुधार आया है, बल्कि सडक़ मार्ग और आवागमन की सुविधा भी बहाल की गई है, जिससे इन क्षेत्रों का बाहरी संपर्क मजबूत हुआ है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# पर्यटन के क्षेत्र में जशपुर ले रहा नया रूप : एडवेंचर, इको-टूरिज्म को दिया जा रहा बढ़ावा

**जशपुरनगर । आरएनएस**





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सार्थक पहल से जशपुर जिला पर्यटन के क्षेत्र में नया रूप ले रहा है। इसके साथ ही व्यापक स्तर पर एडवेंचर और इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही विगत दिवसों में मायली नेचर कैंप में सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकार की पहली बैठक आयोजित किए है। छत्तीसगढ़ का जशपुर जिला सुंदर वादियों और नदी पहाड़ झरना से परिपूर्ण खूबसूरत और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है अब जिला तेजी से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां के घने जंगल, पर्वतीय क्षेत्र, और अनोखी आदिवासी संस्कृति ने जशपुर को एक विशेष पहचान दिलाई है। जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। जहां विगत दिवस 4 दिवसीय देश देखा में जम्बूरी उत्सव का आयोजन किया गया है। जहां बड़ी संख्या में युवाओं ने यहां पर्यटन का आनंद लिया नजदीक से जशपुर की लोकल संस्कृति परम्परा और कर्मा नृत्य का अनुभव जाना। पर्यटकों को रोमांचक अनुभव प्रदान करना है, बल्कि उन्हें जशपुर की प्राकृतिक और सांस्कृतिक संपदा से भी जोडऩा है। जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को विश्व स्तर पर पहचान दिलाना है। उनका उद्देश्य एक ऐसा पर्यटन मॉडल तैयार करना है, जो न केवल पर्यटकों के लिए रोमांचक हो, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी बनाए रखे पर्यटन को प्रकृति के करीब पहुंचाने का प्रयास किया है। प्राकृतिक संपदा जैसे घने जंगलों, पहाडिय़ों और जल संसाधनों को भी पर्यटकों के अनुभव का हिस्सा बनाया है, जिससे न केवल पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव मिलता है, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी रोजगार मिलता है। जशपुर की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के करीब लाना है। इसके तहत पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियाँ जैसे, बर्ड वॉचिंग, और प्राकृतिक स्थल भ्रमण आयोजित किए जाते हैं। इन गतिविधियों से पर्यटकों को पर्यावरणीय स्थिरता का भी ज्ञान मिलता है।

**एडवेंचर टूरिज्म** रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रेकिंग, और नदी के किनारे कैंपिंग जैसी गतिविधियाँ पर्यटकों के लिए रोमांचक अनुभव साबित होती हैं। जशपुर के प्राकृतिक परिदृश्य में आयोजित इन गतिविधियों के जरिए पर्यटक न केवल जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता को देख सकते हैं, बल्कि साहसिक खेलों का आनंद भी ले सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करने के लिए अनुभवात्मक पर्यटन का प्रारूप तैयार किया है। पर्यटक यहां स्थानीय व्यंजनों का स्वाद, आदिवासी कला और शिल्प वर्कशॉप्स, और पारंपरिक नृत्य-संगीत का आनंद ले सकते हैं।

### स्थानीय समुदाय की भागीदारी और योगदान

स्थानीय समुदाय को रोजगार के अवसर प्रदान कर, सामुदायिक विकास में अपना योगदान दिया है। स्थानीय गाइड्स, शिल्पकार, और साथ जुडक़र न केवल अपने परिवार की सहायता कर रहे हैं बल्कि जशपुर की सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित कर रहे हैं। इसका उद्देश्य केवल पर्यटकों को आकर्षित करना नहीं है, बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति को जीवित रखना भी है। जिला प्रशासन स्थानीय कलाकारों के हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को उनके स्टोर पर प्रदर्शित करता है, जिससे स्थानीय शिल्पकारों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का मंच मिलता है। साथ ही, यह स्थानीय उत्पादों का उपयोग करके किसानों और शिल्पकारों को आर्थिक समर्थन प्रदान कर रहा है।

**भविष्य की योजनाएँ और नवाचार** आने वाले पाँच वर्षों में योजना है कि जशपुर को छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाया जाए, जहां पर्यटक प्रकृति, रोमांच, और संस्कृति का अनूठा अनुभव प्राप्त कर सकें। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए, कार्यक्रमों में इको-फ्रेंडली दृष्टिकोण को शामिल कर रहा है।